## संक्षिप्त

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भ्रमण किया

**श्रीमाधोपुर।** केंद्र सरकार द्वारा प्रवर्तित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं के भ्रमण दल को प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर ने हरी झंडी दिखाकर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान श्रीमाधोपुर के अवलोकन के लिए रवाना किया। दल प्रभारी शंकर लाल यादव ने बताया कि इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को अधीक्षक ओमप्रकाश, अनुदेशक प्रकाश निठारवाल , मुरारी लाल सैनी कैलाश मीणा, हरि सिंह, विकास ने बच्चों को आईटी लैब, फिटर वर्कशॉप , मैकेनिक डीजल वर्कशॉप, वेल्डर वर्कशॉप, रेफ्रिजरेटर एयर कंडीशनिंग वर्कशॉप, विद्युतकार वर्कशॉप, एआरडी वर्कशॉप,का निरीक्षण करवाया।

### महेन्द्र जैन चोरू ने ग्रहण की शपथ

**चौरु/उनियारा।** स्थानकवासी परम्परा के सबसे विशाल धर्म संघ वर्धमान स्थानकवासी श्रमण संघ की 118 वर्ष पुरानी मातृसंस्था ऑल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कांफ्रेंस नई दिल्ली के नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल जैन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जे डी जैन द्वारा अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर जनपथ दिल्ली में शपथ लेने पश्चात नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल जैन द्वारा नव मनोनीत पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। समारोह में जोन 3 राजस्थान प्रांत से निर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य महेन्द्र जैन चौरु ने जैन कांफ्रेंस नई दिल्ली के राष्ट्रीय प्रचार प्रसार मंत्री पद की शपथ ली।महेन्द्र जैन टोंक जिले उनियारा उपखंड ग्राम पंचायत चौरु के निवासी को राष्ट्रीय प्रचार प्रसार मंत्री बनने पर स्थानीय संघ में हर्ष है। और इनकी इस नियुक्ति पर संघ मंत्री शांतिलाल जैन अध्यापक ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल जैन का आभार व्यक्त किया है।

### नगरपालिका की साधारण सभा की बैठक आज

**निवाई।** नगर पालिका कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को विधायक रामसहाय वर्मा की मौजूदगी व पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक आयोजित होगी। अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने बताया कि बैठक में नगरपालिका के वित्तिय वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित बजट की स्वीकृति पर विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में मृतक कर्मचारियों के आश्रितों की नियुक्ति का अनुमोदन करने सहित कई विकास कार्यो पर महत्वपूर्ण चर्चा की जाएगी।

### नि:शुल्क दिव्यांग सहायता शिविर 24 से

**निवाई।** महावीरप्रसाद जैन धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट निवाई के तत्वावधान में तीन दिवसीय जिला स्तरीय नि:शुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन अग्रवाल सेवा सदन में किया जाएगा। पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्रकुमार चंवरिया व राकेश चंवरिया ने बताया कि पूर्व मुख्य सचेतक महावीरप्रसाद जैन की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर 24 से 26 फरवरी तक सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा।

### पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया

**टोंक।** जिले में हो रही चोरियों को लेकर व्यापार मंडल ने जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान को ज्ञापन सौपा। व्यापार महासघ द्वारा जिले में हो रही आये दिन चोरियो को लेकर गुरूवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय टोंक में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया कि जिले में आए दिन लाखों की चोरियां हो रही और मामले में पुलिस द्वारा अभी तक कोई भी आरोपी पकडा नही गया है, जिससे व्यापार करना कठिनसा हो गया है। उन्होने कहां कि 9 फरवरी की रात को 40 लाख से अधिक के मोबाईल व अन्य सामान चोरी हुआ था, जिसका आज तक भी खुलासा नही हो पा रहा है, जिससे व्यापारियों में आक्रोश है। जिस हेतु व्यापारियों ने जिला पुलिस अधीक्षक को आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

### सात मण्डल अध्यक्ष नियुक्त

**टोंक।** टोंक जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता की अध्यक्षता में भाजपा के सात मण्डल अध्यक्षों की कार्यकर्ताओं की सर्व सहमति से घोषणा की है, इनमें टोंक विधानसभा के चार, निवाई के एक, देवली-उनियारा के दो मंडल शामिल है। ध्पंडित दीनदयाल मंडल में विष्णु चावला, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल में भगवान दास मेहन्दवास मंडल में धर्मराज, बरवास मंडल में जितेन्द्र गुर्जर, देवली देहा मंडल में विनोद माहुर, नासिरदा मंडल में नारायण धाकड़, गहलोद मंडल में देव शंकर गुर्जर को अध्यक्ष बनाया गया है।

# कलक्टर ने जन सेवा शिविरों का किया निरीक्षण, आमजन के सुने परिवाद

**पावटा/कोटपूतली।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि आमजन की परिवेदनाओं के स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान के लिए पंचायत समिति स्तर पर प्रतिमाह के दूसरे गुरुवार को आयोजित होने वाले अटल जन सेवा शिविरों में आमजन के परीवादों का संवेदनशीलता व गुणवत्ता के साथ समाधान कर आमजन को राहत पहुंचाएं। जिला कलक्टर ने गुरुवार को पंचायत समिति पावटा व विराटनगर में पंचायत समिति कार्यालय में आयोजित अटल जन सेवा शिविरों का निरीक्षण किया एवं आमजन के परिवाद सुन कर नियमानुसार मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने समस्त अधिकारियों को प्रत्येक परिवेदना पर प्रभावी कार्यवाही करने सहित उसका अपडेट रखने को कहा।




**कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने पावटा व विराटनगर में पंचायत समिति कार्यालय में अटल जन सेवा शिविरों का निरीक्षण किया।**

उन्होंने कहा कि विभागों की योजनाओं के बारे में आमजन को अधिकतम जागरूक करें ताकि सरकार की मंशानुरूप अंतिम छोर तक व्यक्ति को योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। इस दिशा में सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी अपने विभाग की योजनाओं और सेवाओं का समुचित प्रचार-प्रसार करें। कार्यालय में आने वाले सभी फरियादियों को धैर्यपूर्वक सुनते हुए उनकी समस्याओं के निस्तारण के साथ राहत दें। उन्होंने संपर्क पोर्टल, सीएमओ-पीएमओ से प्राप्त शिकायतों, रात्रि चौपाल व जन सुनवाई में प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न फरियादी बिजली, पेयजल, सड़क, अतिक्रमण, सीमांकन, गिरदावरी, पुलिस, चिकित्सा, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, पट्टा, शिक्षा, पेंशन की समस्याओं को लेकर पहुंचे।

- **विराटनगर अटल जन सेवा शिविर में मौके पर नहीं मिले अधिकारी, कलक्टर ने जिम्मेदारों को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश**

जिला कलेक्टर ने निर्देशित किया कि असंतुष्ट परिवादियों को संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर से वास्तविक कारणों से अवगत कराते हुए समझाइश करते हुए संतुष्ट करने का प्रयास करें।

जिला कलक्टर ने जिले के सभी नागरिकों को अधिकाधिक संख्या में अटल जन सेवा शिविर का लाभ लेने की अपील की है। वहीं जिला कलक्टर ने दोपहर 2.25 बजे पंचायत समिति विराटनगर में आयोजित अटल जन सेवा शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिस पर जिला कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जिम्मेदारों के खिलाफ नियमानुसार नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने राजकीय दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी के साथ करें, किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया

**सांभरझील,** (निसं)। खेतों की रखवाली के काम में आने वाली झटका मशीन, बैटरी विद्युत ट्रांसफार्मर चोरी के मामले में बावरिया गैंग के दो शातिर चोरों को पुलिस थाना नरैना ने गिरफ्तार किया है। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि चोरी की घटना के मामले में रामनारायण जाट पुत्र पोलूराम जाति जाट निवासी पिगुंन थाना नरायना जिला जयपुर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई करवाई थी खेत खाजपुरा में लगी औजस कम्पनी की झटका मशीन व ब्लैक कलर की रोबूस्ट कम्पनी की बैट्री चोरी हो गयी है। रिपोर्ट पर अभियोग दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। प्रकरण में अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी हेतु रजनीश पूनियां अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण, शिवलाल बैरवा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू, अनुपम मिश्रा वृताधिकारी सांभरलेक के सुपरविजन तथा थानाधिकारी नरैना धर्म सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।

# 'एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा'

**खैरथल।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राइजिंग राजस्थान के तहत जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट के दौरान एवं राज्य स्तर पर निष्पादित किए गए एमओयू की प्रगति की समीक्षा के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया और कहा कि जिले में इन्वेस्टर मीट के दौरान हुए एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ सक्रियता से कार्य करना होगा।

उन्होंने कहा जिले में 131 एमओयू धारकों के पास भूमि उपलब्ध है उनसे वन टू वन सम्पर्क कर माइलस्टोन 4 अथवा 5 तक शीघ्र राजनिवेश पोर्टल पर अपडेट किया जाये जिससे जिले की प्रगति टॉप रैंकिंग में आ सके। कलेक्टर ने सभी विभागों की




**खैरथल कलेक्ट्रेट सभागार में राइजिंग राजस्थान को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते जिला कलेक्टर किशोर कुमार।**

राजनिवेश पोर्टल पर डिफाइन कैटेगरी ,, माइलस्टोन 2,3,4,5 की अपडेशन कंप्लीट/पेंडिंग/नोट डिफाइंड की समीक्षा की एवं विभिन्न विभागों(इंप्लीमेंटिंग डिपार्टमेंट) ने एमओयू धारकों की आवश्यकता के अनुसार संबंधित विभाग(रिलेटेड डिपार्टमेंट) को अलॉट किए गए टास्क और उनका निस्तारण सम्बन्धित कार्यवाही की समीक्षा करते सभी विभागों को समस्त अपडेशन कार्य तकनीकी प्रक्रिया अनुसार शीघ्र करने के निर्देश दिये है।

बैठक में जिला उद्योग अधिकारी ने विभागवार प्रगति से अवगत कराते हुए विभागों को राजनिवेश पोर्टल पर अलॉटेड टास्क से अवगत कराया- लैंड अलॉटमेंट के लिए टास्क (रिको, रेवेन्यू), कन्वर्जन से संबंधित , सीटीओ , केन्द्र सरकार के विभागों से संबंधित, इलेक्ट्रिसिटी से संबंधित टास्क एवं हॉयर एजुकेशन डिपार्टमेंट में अलॉटेड टास्क को रिलेटेड डिपार्टमेंट को यथाशीघ्र व निर्धारित समयावधि में कंप्लीट कराने की बात कही।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, जिला महाप्रबंधक उद्योग विभाग सुरजीत सिंह खोरिया, वरिष्ठ प्रबंधक रिको प्रथम एवं द्वितीय ज्ञानेंद्र शर्मा एवं आदित्य शर्मा एवं अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी व तकनीकी कार्मिक उपस्थित रहे।

# ड्रोन व इंटरनेट ऑफ थिंग्स पर अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ वार्ता कार्यक्रम हुआ

**श्रीमाधोपुर।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग मैनेजमेंट (यूईएम) के एचओडी सायक प्रमाणिक सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर की अध्यक्षता में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन, रोबोटिक्स और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आई ओ टी ) पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ वार्ता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्कूल शिक्षा और उन्नत तकनीकों के बीच की दूरी को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ।विशिष्ट अतिथियों की श्रृंखला में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार शर्मा , यूईएम के एडमिशन ऑफिसर श्याम प्रताप सिंह तथा यूइएम के बीटेक छात्र अयन माइति उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर तथा उप प्रधानाचार्य सज्जन सिंह जाट, प्रभारी विनोद कुमार यादव उपाचार्य द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को नवीनतम तकनीकों और इन क्षेत्रों में करियर के अवसरों से परिचित कराना है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. सायक प्रामाणिक, (प्रमुख, कंप्यूटर एप्लीकेशंस विभाग) यूनिवर्सिटी ऑफ

- **एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ वार्ता कार्यक्रम आयोजित किया**

इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर द्वारा एक ज्ञानवर्धक सत्र से हुई।उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ( एआई ), मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग पर विस्तृत चर्चा की और इनके वास्तविक जीवन में उपयोग और संभावित करियर के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने एआई के फायदे और चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला और बताया कि छात्र किस प्रकार इस क्षेत्र में अपना केरियर बना सकते हैं और सफलता प्राप्त कर सकते हैं, उनका सत्र बहुत ही रोचक और प्रेरणादायक रहा। इसके बाद, अयन माइति, ड्रोनेस्टर स्टार्टअप के संस्थापक और यूईएम जयपुर के छात्र ने ड्रोन, रोबोटिक्स और होम ऑटोमेशन पर कई इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। उनकी प्रस्तुतियाँ छात्रों के लिए बेहद रोमांचक रहीं। उन्होंने छात्रों को इन तकनीकों में कौशल विकसित करने और इन क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया। उनके व्यावहारिक प्रदर्शन ने सत्र को अत्यधिक इंटरैक्टिव और प्रेरणादायक बना दिया। इसके अतिरिक्त एडमिशन ऑफिसर श्याम प्रताप सिंह शेखावत( यूइ एम जयपुर) ने विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए जाने वाले विभिन्न तकनीकी एवं मेडिकल पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उच्च शिक्षा में टेक्नोलॉजी से जुड़े विभिन्न कोर्सेस और उनके लाभों के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जहां छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने सवाल पूछे। उनकी जिज्ञासा और सीखने की उत्सुकता से यह साफ़ जाहिर हुआ कि यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा।

यह पहल न केवल छात्रों को नवीनतम तकनीकों से परिचित कराने में सहायक रही, बल्कि उन्हें इनोवेटिव करियर अवसरों की खोज के लिए प्रेरित भी किया। यूईएम के एचओडी ने छात्र-छात्राओं को एआई ( कृत्रिम बुद्धिमत्ता ) के बारे में विस्तार से बताया, इन्होंने ब्लैक बोर्ड पर बच्चों को गतिविधि करके समझाया कि एआई कितना फायदेमंद है एमं कितना नुकसान दायक है और इसके विद्यार्थियों के लिए क्या-क्या रोजगार के अवसर है ।

# अस्पताल परिसर में गंदगी देख विधायक ने जताई नाराजगी

**शाहपुरा।** शहर के उपजिला अस्पताल में गुरुवार को शाहपुरा विधायक मनीष यादव की मौजूदगी में एमआरएस (मेडिकल रिलीफ सोसायटी) की मीटिंग का आयोजन हुआ, जिसमें उपजिला अस्पताल की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान विधायक मनीष यादव ने अस्पताल का निरीक्षण करते हुए अस्पताल में फैली गंदगी पर नाराजगी जताते हुए पीएमओ विनोद योगी को व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए।

विधायक ने एमआरएस की बैठक में चिकित्साकर्मियों को कहा कि अस्पताल में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मरीजों को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा दिलवाना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। मीटिंग में अस्पताल परिसर में उचित सफाई व्यवस्था, अस्पताल परिसर में बिजली की उचित फिटिंग को लेकर मरम्मत व सुधार, सेफ्टी टैंक का पुन: निर्माण, एमसीएच विंग को अपग्रेड करवाने, सीटी स्कैन व सोनोग्राफी मशीन स्थापित करने, चिकित्सा भवन एवं उपकरणों की मरम्मत, विभिन्न संवर्ग की संविदा पदों की स्वीकृति, ओटी टेबल एवं डोम लाइट, चिकित्सा परिसर से मैनर रोड़ पर बनी पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने, चिकित्सालय के उपयोगी उपकरण एवं उपयोगी सामान आदि एजेंडे में शामिल रहे। विधायक यादव ने पीएमओ डॉ. विनोद कुमार योगी को ऑक्सीजन प्लांट का सुचारू रूप से संचालन करने, बंद पड़े जनरेटर को शुरू करते हुए अस्पताल में लाइट व्यवस्था को काम में लेने, कई दिन से बंद पड़े डी फ्रीज को मॉर्चरी में काम में लेने ताकि शव को डी फ्रीज में रखने के लिए अन्यत्र नहीं ले जाने, बायो मेडिकल वेस्ट का उचित निस्तारण करने आदि के निर्देश दिए। विधायक ने उपजिला अस्पताल में दो साल से बकाया चल रहे कम्प्यूटर ऑपरेटरों का टैंडर नहीं दिए जाने पर नाराजगी जताते हुए पीएमओ को जल्द टेंडर जारी करवाने के निर्देश दिए।

विधायक ने कहा कि टेंडर होने से 13 युवाओं को रोजगार मिल सकेगा व अस्पताल में आमजन को भी राहत मिल सकेगी। मीटिंग के दौरान विधायक यादव ने बताया कि अस्पताल परिसर में सुरक्षा की दृष्टी से लाडली योजना के तहत तीन सीसीटीवी कैमरे अस्पताल के मैन गेट पर लगाए जा रहे है। इस दौरान ज्वाइंट डायरेक्टर यधुराजसिंह नाथावत सहित अस्पताल प्रशासन मौजूद रहा। मीटिंग में चर्चा रही कि अस्पताल परिसर में पिछले 6 माह से चोरी की वारदात नहीं हुई है।

# विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना ही मेरी प्राथमिकता : बंशीवाल

**सिकराय,**(निसं)। वधायक विक्रम बंशीवाल ने नेशनल हाईवे-21 से मानपुर तक 36 लाख रुपयों की लागत से सड़क के शिलान्यास कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना ही मेरी प्राथमिकता है। विधानसभा क्षेत्र के कोई

- **36 लाख रुपयों की लागत से सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया**

भी नागरिक छोटे से लेकर बड़े काम तक सीधे मेरे से आकर मिले किसी दुसरे को साथ में लेकर आने की जरूरत नहीं है। आमजन के लिए चौबीस घंटे मेरे दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं। हमेशा मैं आमजन की सेवा करने के लिए तत्पर रहता हूं। विधायक विक्रम बंशीवाल ने मानपुर चौराहे पर नेशनल हाईवे-21 से मानपुर सड़क मार्ग के निर्माण कार्य का फीता काटकर शिलान्यास पट्टिका



**विधायक विक्रम बंशीवाल ने सड़क मार्ग के निर्माण कार्य का फीता काटकर शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया।**

का अनावरण किया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक विक्रम बंशीवाल का 51 किलों की फूलमाला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

मानपुर रोड़ पर सड़क के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने विधायक विक्रम बंशीवाल का बैंड़ बाजों के साथ फूल माला पहनाकर जगह-जगह स्वागत किया। सड़क के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम बंशीवाल ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में धन की कोई कमी नहीं आयेगी। उन्होंने कहा कि सड़क के निर्माण होने से लोगों को आने जाने की सुविधा बेहतर मिलेगी व लोगों को समय की भी बचत होगी। विधायक व कैबिनेट मंत्री में बहुत अंतर होता है अगर काम करने की इच्छा होती तो जनता द्वारा जो कार्य मुझे बताएं जा रहे है वो अधूरें नहीं रहते हैं अब जो विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं। इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा मानपुर चौराहे पर सुलभ शौचालय व रेस्ट हाउस बनाने की मांग पर विधायक ने जल्द ही चौराहे पर सुलभ शौचालय व रेस्ट हाउस के निर्माण करवाने का आश्वासन दिया। जनसुनवाई कार्यक्रम में फरियाद लेकर पहुंचे फरियादियों की जनसमस्याओं को सुनकर विधायक विक्रम बंशीवाल ने मौके पर ही निस्तारण किया एवं कई जनसमस्याओं को लेकर अधिकारियों को फोन पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अन्तू नांदरी, धारासिंह बासड़ा,धमेंद्र अवस्थी, मुकेश सैनी, दयाराम मीना, विरेन्द्र दडगस, प्रवीण कुमार, लाखनसिंह गुर्जर, सरपंच नेतराम मीना, सरपंच गुलाब सिंह बैरवा, रमेश मीना, हंसराज मीना,रामभरोसी मीना, केदार खदरपुर, रामबाबू फर्रासपुरा,महेश शर्मा गण्ड़रावा, पंचायत समिति सदस्य महेंद्र पीलोडी, शिम्भूदयाल बैरवा, प्रेमचंद महावर, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### संगोष्ठी का आयोजन

**टोंक।** केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सीएल बुनकर द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है।इस वर्ष में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम से सहकारिता का राज्य में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना है। साथ ही, सहकारिता से अधिकाधिक व्यक्तियों को जोड़ा जाना अपेक्षित है। प्रक्रिया में सहकारी समितियों तथा सहकारी बैंकों की सदस्यता में वृद्धि करना तथा सहकारी समितियों की समाज में प्रासंगिकता एवं लाभप्रदता को बढ़ाया जाना अपेक्षित है। सहकारी विभाग द्वारा सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक व्यक्तियों तक पहुचाने के लिए सहकारी समितियों व सहकारी बैंक से सदस्यों को जोड़ा है। जमीनी स्तर पर सहकारिता की पहुंच बढाना तथा प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर सहकारिता से समृद्धि की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना है।

प्रबंध निदेशक ने बताया कि विभागीय निर्देशों की पालना में देवली-उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर की अध्यक्षता में सहकार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

## सार-समाचार

### कर्मचारी संपर्क शिविर का आयोजन

**फुलेरा ।** फुलेरा रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु कर्मचारी संपर्क व शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक जयपुर कृष्ण कुमार मीना ने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबन्धक अमिताभ के निर्देशानुसार व मण्डल रेल प्रबन्धक विकास पुरवार के मार्गदर्शन में जयपुर मण्डल पर कर्मचारीयों की समस्याओं के समाधान हेतु मण्डल के प्रमुख स्टेशनों एवं कार्यालय पर कर्मचारी संपर्क व शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके चलते फुलेरा रेलवे स्टेशन पर रेलवे की ओर से कर्मचारियों की शिकायतों के त्वरित गति से निपटान करने के लिए कर्मचारी सम्पर्क व शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कर्मचारी अपनी शिकायत निवारण के लिए संपर्क कर सकते है। फुलेरा रेलवे स्टेशन पर आयोजित शिविर के दौरान वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक अभियंता (पावर) अरुण कुमार टेलर, कल्याण निरीक्षक कुलदीप सिंह एवं सुभाष चौधरी, स्टेशन अधीक्षक सतीश कुमार एवं सीसीसीआर प्रेमचन्द वर्मा सहित मण्डल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पशु चिकित्सा उपकेन्द्र का किया शिलान्यास

**मालपुरा।** केबिनेट मंत्री व मालपुरा विधायक कन्हैयालाल चौधरी गुरूवार को जनप्रतिनिधि आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र मे दर्जनो गांवो मे पहुंच कर जनसुनवाई करते हुये दतोब मे पशु चिकित्सा उपकेन्द्र व पानी की टंकी का किया शिलान्यास। दतोब पंचायत मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई मे मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने ग्रामीणो की निजी व सार्वजनिक समस्याओं को सुन मौके पर मौजूद अधिकारियो को समस्या समाधान के निर्देश दे ग्रामीणो को पहुंचाई राहत। हाल ही मे दतोब मे बने पशु चिकित्सा उपकेन्द्र का फीता काट मंत्री ने किया लोकार्पण तो गांव मे ही जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्मित पानी की टंकी का किया शिलान्यास। इस दौरान ग्राम पंचायत प्रशासक व सभी विभागो के विभागाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि रहै उपस्थित।

### रेस्टोरेन्ट, गेस्ट हाउस को सीज किया

**पावटा।** नगरपालिका पावटा प्रागपुरा ने गुरुवार को कार्यवाही करते हुए बिना स्वीकृति चल रहे पावटा कस्बे होटल श्याम बड़ी पुलिया के पास, पी के क्लब पुराना सिनेमा भवन टसकोला रोड, केजीएन होटल एंड कैफे भूमिका प्लाजा सर्विस रोड, ब्रदर्स कैफे एंड रेस्टोरेन्ट, होटल कृष्णा पैलेस श्री जी प्लाजा के नाम से चल रहे रेस्टोरेन्ट, गेस्ट हाउस को सीज कर दिया है। गुरुवार को नगरपालिका एवं अग्निशमन अधिकारियों की गठित टीम सड़कों पर उतरी। सबसे पहले टीम ने पावटा कस्बे में संचालित बड़े और छोटे गेस्ट हाउसों की पड़ताल शुरू की। टीम ने आवासीय भवनों में संचालित 5 कैफे रेस्टोरेन्ट, गेस्ट हाउस की जांच की। टीम के पहुंचते ही गेस्ट हाउस में हड़कंप मच गया। पालिका ईओ फतेह सिंह मीणा ने बताया कि सीज किए गए प्रतिष्ठान/ भवन से छेड़छाड़ या अन्य कोई गतिविधि की जाती है तो उसके विरुद्ध पुलिस थाने में एफ आई आर दर्ज करवाई जाएगी।

### अपहरण के आरोपी को किया गिरफ्तार

**मालपुरा।** चार दिन पूर्व मालपुरा टोडारायसिंह सडक मार्ग पर आरएसी लाईन मालपुरा के पास एक स्कार्पियों को रोक लूट व अपहरण का प्रयास करने के मामले मे थाना पुलिस ने आरोपी मुराद हुसैन पुत्र नूर मोहम्मद निवासी टोडारायसिंह को किया गिरफ्तार। थानाधिकारी चेनाराम बेडा ने बताया कि दस फरवरी की अलसवेरे टोडारोड आरएसी लाईन के पास टोडारायसिंह की और जा रहै स्कार्पियो को रोक स्कार्पियो के शीशे तोडने व मारपीट कर कार सवार लोगो को जबरन अपने वाहन मे डाल लूटपाट कर अपहरण करने के प्रयास मामले मे पिडित अखेराम व उसके दो अन्य साथियो की और से थाना पुलिस को मिली सुचना पर तत्काल मौके पर पहुंची थाना पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही कर हमलावरो का पीछा करते हुये तलाश शुरू की। मामले मे आरोपियो की गिरफ्तारी को लेकर एएसआई रामनारायण गुर्जर के नेतृत्व मे टीम गठित कर कार्यवाही करते हुये आरोपी मुराद हुसैन को गिरफ्तार कर लूट की राशि चार हजार रूपये बरामद की गई तथा घटना मे उपयोग लिये गये वाहन को भी जप्त किया गया।

### नवीन कार्यकारिणी गठीत

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम रामसिंहपुरा रोड़ स्थित महाराजा सूरजमल जाट छात्रावास में गुरूवार को बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें आगामी 02 वर्ष के लिये छात्रावास की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में ग्राम सांगटेडा निवासी बाबूलाल चौधरी पुत्र भरथाराम सरपंच को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। चौधरी ने कहा कि छात्रावास में नई तकनीक से बच्चों को अनेक सुविधायें उपलब्ध करवाई जायेगी। जल्द ही कार्यकारिणी में अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति की जायेगी। बैठक में वित्तीय वर्ष के आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान छात्रावास के भविष्य की योजनाओं और परियोजनाओं पर भी चर्चा की गई। वहीं महाराजा सूरजमल की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बैठक में सामाजिक कुरीतियों को बंद करने का आह्वान किया गया। इस दौरान देवेंद्र दलाल, एड. सुरेन्द्र चौधरी, एड. मनोज चौधरी, रोहिताश कपूरिया, जसवंत माठ, राजेंद्र, मूलचंद, सूबेदार विजय चौधरी, संदीप, ओमकार चौधरी, रामजीलाल जाखड, कैलाश मास्टर, कैलाश, राजेंद्र जाखड, शीशराम मास्टर, लीलाराम पंच, मानसिंह हवलदार, मनोज खोजा, लीलाधर व रोहिताश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने की रात्रि चौपाल

**श्रीमाधोपुर।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बुधवार को पंचायत समिति श्रीमाधोपुर की ग्राम पंचायत नांगल भीम में रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुन कर मौके पर ही अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आमजन की प्राप्त 40 परिवेदनाओं को सुना और विभागीय अधिकारियों को त्वरित राहत प्रदान कराने के लिए निर्देशित किया। रात्री चौपाल में शिक्षा, विद्युत, पेयजल, सड़क, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, पंचायती राज, रसद, पीडब्ल्यूडी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश जिला कलेक्टर ने दिये । रात्रि चौपाल मे अतिरिक्त जिला कलेक्टर नीमकाथाना भागीरथ साख, उपखण्ड अधिकारी श्रीमाधोपुर अनिल कुमार सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, ग्राम पंचायत नांगल भीम के प्रशासक महेंद्र कुमार, जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी बडी संख्या में मौजूद रहे।

### हनुमान धाम पर होगा वैवाहिक कार्यक्रम

**चौंमू / कालाडेरा ।** चौंमू उपखण्ड के सामोद पर्वत पर विराजे वीर हनुमान बालाजी महाराज की धार्मिक पावन धरा पर पहली बार होगा वैवाहिक कार्यक्रम। चौंमू के पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा के पुत्र के वैवाहिक कार्यक्रम का होगा आयोजन, धर्मशाला में शुक्रवार 14 फरवरी 2025 को होगा लग्न टीका का कार्यक्रम, वैवाहिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भी आने का है कार्यक्रम , मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से दोपहर 1.30 बजे आएंगे , साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया समेत कई राजनीतिक हस्तियां और प्रशासनिक अधिकारी होंगे कार्यक्रम में शामिल, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के पुत्र डॉ. शुभम शर्मा का विवाह, 18 फरवरी को परिणय सूत्र में बंधेंगे डॉ. शुभम।

### एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

**टोंक।** गुरुवार को अजीम प्रेमजी फाउंडेशन परिसर में ब्लॉक स्तरीय साक्षरता उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीताराम गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कृष्ण गोपाल शर्मा, गोपाल लाल मीणा, संदर्भ व्यक्ति कालू लाल और ब्लॉक समन्वयक अब्दुल रशीद ने कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए अपने विचार व्यक्त किए। वर्तमान में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे उल्लास कार्यक्रम के माध्यम से सभी लर्नर्स को अधिक से अधिक अक्षर व संख्या ज्ञान एवं डिजिटल साक्षरता के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

### नकबजनी के प्रकरण में एक गिरफ्तार

**कोटपूतली।** अभियान के तहत एसपी राजन दुष्यन्त के निर्देश पर एएसपी वैभव शर्मा के निर्देशन व डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में हो रही नकबजनी व चोरी के प्रकरणों में माल मुल्जिमान की तलाश पतारसी हेतु विशेष टीमों का गठन किया गया। टीमो द्वारा कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करते हुये विश्वसनीय सूत्रों से आसूचना संकलन कर क्षेत्र में हो रही चोरियों पर अंकुश लगाते हुये हाऊसिंग बोर्ड रामसिंहपुरा में घर में घुसकर घरेलु सामान व नकदी चोरी करने वाले शातिर नकबजन को गिरफ्तार किया गया।